दैनिक
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित
# क्यूँ न लिखूँ सच
बर्षः- 03
अंकः-261
मुरादाबाद
10 January 2024
(Wednesday)
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## संक्षिप्त समाचार

### निर्दयी बाप: कत्ल के बाद बीवी-बेटी के शव के पास बैठा रहा पति, पुलिस को देख बोला- कातिलों को पकड़ो, दूंगा 5 लाख

ललितपुर से सनसनीखेज खबर सामने आई है। यहां प्रेमिका से बात कर रहे युवक को पत्नी ने रंगे हाथ पकड़ लिया। इस पर दंपती में झगड़ा हो गया। गुस्साए पति ने पत्नी को बैट से पीटकर मार डाला, इसके अलावा बेटी की गला दबाकर की हत्या कर दी। हत्या को लूटपाट का रूप देने के लिए अपना सिर दीवार से मारा। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया।ललितपुर में रविवार देर रात युवक ने प्रेम प्रसंग में रोड़ा बनी पत्नी और एक साल की बेटी की हत्या कर दी। उसने अपना सिर दीवार से टकराकर खुद को भी घायल कर लिया। हिरासत में सख्ती से पूछताछ करने के बाद युवक ने अपना जुर्म कबूल कर लिया।मोहल्ला चांदमारी निवासी नीरज कुशवाहा (27) शादियों में सजावट का काम करता है। उसका प्रेम प्रसंग चल रहा है। इसी बात को लेकर पत्नी मनीषा (22) से अक्सर उसका विवाद होता था। रविवार देर रात वह मोबाइल पर बात कर रहा था। इसे लेकर उसका मनीषा से झगड़ा हो गया। लगा। गुस्साए मनीष ने कमरे में रखे क्रिकेट बैट से मनीषा पर ताबड़तोड़ हमला कर उसकी हत्या कर दी। इसी दौरान उसकी एक साल की बेटी निपेक्षा जग गई। नीरज ने उसको भी गला दबाकर मार डाला। पत्नी व बेटी की हत्या के बाद नीरज ने अलमारी में रखे सामान को फैलाकर खून से सने बैट को छिपा दिया। अपना सिर दीवार में मारकर खुद को घायल कर लिया। सुबह करीब पांच बजे उसने अपने मित्र को मोबाइल पर बताया कि उसके घर में आधा दर्जन नकाबपोश बदमाशों ने लूटपाट कर उसकी पत्नी व पुत्री की हत्या कर दी। उसे भी घायल कर दिया है। लोगों ने नीरज को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। दोहरे हत्याकांड का खुलासा करने के लिए एसपी ने एएसपी व सीओ सदर के नेतृत्व में छह टीमों का गठन किया। मोहल्ले व आसपास के घरों में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले गए। सीसीटीवी की फुटेज से पुलिस को नीरज पर शक हुआ तो उसे हिरासत में ले लिया। दरअसल, पत्नी व पुत्री के हत्यारोपी नीरज ने खुद को बचाने की ऐसी साजिश रची कि पुलिस वाले भी चकरा गए। रात दो बजे घटना को अंजाम देने के बाद से ही वह साजिश रचने में जुट गया।

## मोजाम्बिक के राष्ट्रपति से की मुलाकात, गांधीनगर में हुई द्विपक्षीय बैठक



वाइब्रेंट गुजरात वैश्विक शिखर सम्मेलन का 10वां संस्करण 10 से 12 जनवरी, 2024 तक गांधीनगर में आयोजित किया जा रहा है। इसका विषय 'गेटवे टू द फ्यूचर' (भविष्य का प्रवेश द्वार) है। इस वर्ष सम्मेलन में 34 भागीदार देश और 16 भागीदार संगठन भाग ले रहे हैं।माइक्रोन टेक्नोलॉजी के सीईओ संजय मेहरोत्रा ने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात पर कहा, हमेशा की तरह, प्रधानमंत्री मोदी के साथ एक उत्कृष्ट बैठक हुई। हमने पीएम मोदी को साणंद परियोजना की प्रगति और सेमीकंडक्टर विनिर्माण के लिए कार्यबल बढ़ाने पर माइक्रोन के फोकस के बारे में जानकारी दी। हमने यहां सामाजिक समुदाय के साथ माइक्रोन के जुड़ाव के बारे में भी बात की, जैसे अटल टिंकरिंग लैब जो माइक्रोन ने साणंद में शुरू की है। हम वास्तव में प्रधानमंत्री मोदी, मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के समर्थन, सेमीकंडक्टर विनिर्माण की प्रगति के लिए राज्य और केंद्र स्तर पर सरकार के समर्थन की सराहना करते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गांधीनगर में मोजाम्बिक के राष्ट्रपति फिलिप जैसिंटो न्यूसी के साथ द्विपक्षीय बैठक की।माइक्रोन टेक्नोलॉजी के सीईओ संजय मेहरोत्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा, तिमोर-लेस्ते के राष्ट्रपति जोस रामोस-होर्टा के साथ शानदार बैठक हुई।

यह तथ्य कि हमारी बैठक गांधीनगर के महात्मा मंदिर में हुई, इस पल को और खास बनाता है। हमने अपने देशों के बीच द्विपक्षीय और सांस्कृतिक संबंधों को आगे बढ़ाने के




तरीकों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गांधीनगर में तिमोर-लेस्ते के राष्ट्रपति जोस रामोस-होर्टा के साथ द्विपक्षीय बैठक की।मोजाम्बिक के राष्ट्रपति फिलिप न्यूसी 10वें वाइब्रेंट गुजरात शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए अहमदाबाद पहुंचे। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने हवाईअड्डे पर उनका स्वागत किया। वाइब्रेंट गुजरात वैश्विक शिखर सम्मेलन का 10वां संस्करण 10 से 12 जनवरी, 2024 तक गांधीनगर में आयोजित किया जा रहा है। इसका विषय 'गेटवे टू द फ्यूचर' (भविष्य का प्रवेश द्वार) है। इस वर्ष सम्मेलन में 34 भागीदार देश और 16 भागीदार संगठन भाग ले रहे हैं। इसके अतिरिक्त पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय, पूर्वोत्तर क्षेत्रों में निवेश के अवसरों को प्रदर्शित करने के लिए वाइब्रेंट गुजरात मंच का उपयोग करेगा।

## सीएम योगी ने हनुमानगढ़ी में दर्शन के बाद रामलला की आरती उतारी, जय श्रीराम का उद्घोष गूंजा



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अयोध्या पहुंच गए हैं। यहां पहुंचते ही सबसे पहले उन्होंने हनुमानगढ़ी में दर्शन-पूजन किया। वह सर्किट हाउस में अफसरों के साथ बैठक करेंगे और विकास योजनाओं की समीक्षा करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को अयोध्या पहुंचे हैं। वे सबसे पहले हनुमंतलला के दरबार में पहुंचे और फिर रामलला के दरबार में हाजिरी लगाई। मंगलवार होने के नाते हनुमानगढ़ी में भारी भीड़ है। भीड़ नियंत्रण के लिए प्रशासन ने जगह-जगह बैरियर लगाकर श्रद्धालुओं को रोका है ताकि मुख्यमंत्री के आवागमन में कहीं कोई दिक्कत ना हो। मुख्यमंत्री के हनुमानगढ़ी के प्रवेश द्वार पर पहुंचते ही श्रद्धालुओं ने जय श्रीराम का जयघोष शुरू कर दिया तो सीएम योगी ने भी हाथ हिलाकर श्रद्धालुओं का अभिवादन किया। 5 मिनट दर्शन पूजन करने के बाद सीएम योगी हनुमानगढ़ी से रामलला के दर्शन के लिए निकल पड़े हैं।रामलला के दर्शन के बाद वे विकास कार्यों का निरीक्षण करेंगे फिर सर्किट हाउस में समीक्षा बैठक करेंगे। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारी के साथ भी बैठक कर प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारी पर चर्चा करेंगे। रामनगरी के साधु संतों से मुलाकात करने की भी योजना है।

## रामनगरी के 3500 वर्षों के मिले पौराणिक सबूत; बीएचयू के अध्ययन में सामने आई ये चौंकाने वाली जानकारी


रामनगरी के 3500 वर्षों के पौराणिक साक्ष्य मिले हैं। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय बीएचयू के अध्ययन में जानकारी सामने आई है। अयोध्या से जुड़े प्रमाण जिस समय के मिले हैं, मुगलों को कोई अस्तित्व भी नहीं था। मुगल तो 1500 के बाद भारत आए थे। रामनगरी की चमक दमक मुगल साम्राज्य से काफी पहले की है। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के अध्ययन के अनुसार, अयोध्या के अभी 3500 वर्षों की पौराणिक, धार्मिक और इतिहास की जानकारी मिल पाई है। अध्ययन आगे बढ़ा तो और भी पुरातन साक्ष्य मिलेंगे। अयोध्या से जुड़े प्रमाण जिस समय के मिले हैं, मुगलों को कोई अस्तित्व भी नहीं था। मुगल तो 1500 के बाद भारत आए थे। 1968 में जन्मभूमि के 500 मीटर के दायरे की खोदाई से जो साक्ष्य जुटाए गए थे, उसका नक्शा बीएचयू में सुरक्षित है। जिस कागज पर नक्शा बना है, उसे जापान से मंगवाया गया था। यह नक्शा अब प्रमाणित साबित हुआ है। बीएचयू के प्राचीन इतिहास एवं पुरातत्व विभाग ने 56 वर्ष पहले किए गए अध्ययन और उससे मिले साक्ष्यों को सामने रखा है। पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. ओंकारनाथ सिंह, डॉ. अशोक सिंह, डॉ. उमेश सिंह का कहना



है कि पुरावशेषों को सहेजने के साथ ही इससे जुड़े शोध को रिसर्च पेपर में प्रकाशित किया जाएगा। खोदाई में जो सामग्रियां मिली थीं, उनका दस्तावेजीकरण कराने के साथ ही फोटोग्राफी कराई जा रही है। जल्द ही इस अध्ययन को देशवासियों के सामने रखा जाएगा। एएसआई ने भी लगाई मुहर- प्रो. ओंकारनाथ व डॉ. अशोक सिंह का कहना है कि पुरातत्वविद डॉ. बीबी लाल ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के निर्देशन में खोदाई कराई, तो वही साक्ष्य सामने आए, जो बीएचयू के पुरातत्वविदों की खोदाई में मिले थे। इसमें विष्णु मंदिर होने की जानकारी भी मिली थी। मिट्टी के विशिष्ट बर्तन मिले थे। कहा जा सकता है कि इन बर्तनों का प्रयोग भी विशिष्ट लोग करते थे। मिले थे काले चमकीले बर्तन- बीएचयू के प्राचीन इतिहास विभाग में शिक्षक रहे दिवंगत प्रो. एके नारायण, दिवंगत प्रो. पुरुषोत्तम सिंह और दिवंगत डॉ. त्रिभुवन नाथ राय ने 1968 में पहली बार अयोध्या में खोदाई कराई तो काले चमकीले बर्तन, मिट्टी के दूसरे बर्तन सहित अन्य पुरावशेष मिले थे। इनमें कनक भवन, सुग्रीव टीला के आसपास काम हुआ।

## PM पर मालदीव के मंत्रियों की आपत्तिजनक टिप्पणी: भारत का व्यापार संगठन भड़का, कहा- लक्षद्वीप में करें निवेश

सुभाष गोयल ने मालदीव में परिचालन करने वाले सभी वाहकों से अपने परिचालन को निलंबित करने की अपील की है। उन्होंने उड़ान योजना के तहत लक्षद्वीप में परिचालन के बारे में विचार करने की भी अपील की है। मालदीव की मंत्रियों द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियों पर विवाद के बीच इंडियन चेंबर ऑफ कॉमर्स (आईसीसी) ने एक बड़ा कदम उठाया है। दरअसल, आईसीसी ने पर्यटन और व्यापार संघों से मालदीव में अपनी गतिविधियों को बढ़ावा देने पर रोक लगाने का आग्रह किया है। व्यापार मंडल के अध्यक्ष सुभाष गोयल ने सभी व्यापार संघों के लिए एक बयान जारी किया है। आईसीसी सचिव ने अपने बयान में कहा, भारतीय विदेशी मुद्रा और व्यापार के



सबसे बड़े स्त्रोतों में से एक है। कृपया लक्षद्वीप, अंडमान और निकोबार में निवेश करें, क्योंकि ये मालदीव से बहुत बेहतर हैं। हिंद महासागर क्षेत्र में जिन अन्य स्थानों को बढ़ावा दिया जा सकता है वह है श्रीलंका, बाली, मॉरीशस और फुकेत।

### आईसीसी के अध्यक्ष की अपील

सुभाष गोयल ने मालदीव में परिचालन करने वाले सभी वाहकों से अपने परिचालन को निलंबित करने की अपील की है। इसके साथ ही उन्होंने उड़ान योजना के तहत लक्षद्वीप में परिचालन के बारे में विचार करने की भी अपील की है। सुभाष गोयल ने अपने बयान में कहा, मैं एफएचआरएआई और होटल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के सदस्यों से अपील करता हूं कि वे लक्षद्वीप जैसे द्वीपों में निवेश पर गंभीरता से विचार करें क्योंकि भविष्य में यह आपको मालदीव की तुलना में आपके निवेश पर बेहतर रिटर्न देगा। बता दें कि पीएम मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियों पर विवाद के बीच ही ऑनलाइन ट्रैवल कंपनी ईजमाईट्रिप ने मालदीव के लिए सभी उड़ान बुकिंग निलंबित कर दी है। सोमवार को मेकमाईट्रिप ने दावा किया कि पीएम मोदी के लक्षद्वीप यात्रा के बाद ऑन-प्लेटफॉर्म सर्च में 3400 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। भारत-मालदीव विवाद को लेकर ब्लू स्टार ट्रैवल सर्विसेस के निदेशक माधव ओझा ने कहा, भारत और मालदीव के संबंधों में पिछले कुछ वर्षों में सुधार हुआ है। मालदीव के लिए भारत से आठ सीधी उड़ाने है। हर दिन 1,200-1,300 यात्री मालदीव के लिए रवाना होते हैं। अभी 20 से 30 फीसदी कैंसिलेशन की संभावना है। क्या था मामला- दरअसल, दो जनवरी को पीएम मोदी ने केंद्रशासित प्रदेश लक्षद्वीप का दौरा किया था और इस दौरे की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की थी। उन्होंने स्नॉर्कलिंग पर हाथ आजमाने के अपने अनुभव का भी उल्लेख किया था। पीएम मोदी के इस पोस्ट पर मालदीव की मंत्री मरियम शिउना ने भारत के प्रधानमंत्री पर अपमानजनक टिप्पणी के साथ उनका मजाक उड़ाया था। उनकी पोस्ट में पीएम मोदी की लक्षद्वीप दौरे की तस्वीरें भी थी।

## बुलंदशहर व नोएडा में बिल्डर सुधीर गोयल के ठिकानों पर ईडी का छापा, पत्नी-बेटे सहित जेल में है बंद

प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने बिल्डर सुधीर गोयल व उसके ठिकानों पर छापेमारी की है। वह अपनी पत्नी व बेटे के साथ जेल में बंद है। सभी पर पैसे लेकर जमीन व मकान न देने का आरोप है।बुलंदशहर और नोएडा में बिल्डर सुधीर गोयल के 10 ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय की टीमों ने छापा मारा है।ईडी के अधिकारी कर्मचारियों ने कोतवाली नगर स्थित एक गन हाउस संचालक के घर पर भी छापा मारा। सुधीर गोयल के करोड़ों रुपये के कारोबार में मनी लॉन्ड्रिंग सामने आई है। सुधीर गोयल उसकी पत्नी व उसका बेटा भी जेल में बंद है। सभी पर लोगों से पैसे लेकर उन्हें जमीन व मकान न देने का आरोप है। सुधीर गोयल आम जनता, किसानों व पुलिसकर्मियों और फौजियों को सस्ता प्लाट व मकान देने के नाम पर अपना निशाना बनाता था। बुलंदशहर पुलिस द्वारा सुधीर गोयल पर 25 हजार का इनाम भी घोषित किया गया था। बुलंदशहर पुलिस ने पिछले माह सुधीर गोयल, उसकी पत्नी समेत पांच लोगों को पीलीभीत से गिरफ्तार किया था। ये सभी शहर के आसपास 11 अवैध कालोनियों को बनाकर बेच चुके हैं। सुधीर गोयल कालोनियों के शिव, शिवांग, नीलकंठ, राधिका जैसे धार्मिक नाम रखता था।

## यूपी में छह आईपीएस अफसरों के तबादले, जें रवींद्र गौड़ आगरा के नए कमिश्नर बने

यूपी में छह आईपीएस अफसरों के तबादले कर दिए गए हैं। जें रवींद्र गौड़ को आगरा का नया कमिश्नर नियुक्त किया गया है। उत्तर प्रदेश शासन ने मंगलवार को छह आईपीएस अफसरों का तबादला कर दिया जिसमें आगरा के कमिश्नर डॉ. प्रीतिंदर सिंह शामिल हैं। उनकी जगह गोरखपुर के आईजी रेंज जें रवींद्र गौड़ को आगरा का नया कमिश्नर बनाया गया है। प्रीतिंदर सिंह को डीजीपी मुख्यालय से संबद्ध किया गया है। इसके अलावा प्रयागराज के आईजी रेंज प्रशांत कुमार द्वितीय को अभिसूचना मुख्यालय भेजा गया है। केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से वापस आने के बाद प्रतीक्षारत चल रहे प्रेम कुमार गौतम को प्रयागराज का आईजी रेंज बनाया गया है। गौतमबुद्धनगर के अपर पुलिस आयुक्त सुरेश राव कुलकर्णी को गोरखपुर का आईजी रेंज बनाया गया है। कारागार विभाग में तैनात शिवहरि मीना को गौतमबुद्धनगर में अपर पुलिस आयुक्त बनाया गया है।

# संपादकीय Editorial

## Guarantee vs guarantee

Whether the public is involved in the maze of guarantees in Himachal or not, by raising the issue of guarantee versus guarantee, the opposition has set the parameters of the upcoming Lok Sabha elections for the Sukhu government. Leader of Opposition Jairam Thakur has again tried to prove the credibility of Modi's guarantee as meeting the 100 per cent criteria. Certainly, political begging also has its fair share in the public basket, it asks for free money from morning to evening in different languages. However, this test has become painful for Congress in Rajasthan and even after spending on OPS, the party is not getting the favor of the voters. Even in Himachal, more or less every government has made itself a court of incompetence by giving more preference to 'politics of favor' than necessary. This same court neither allowed the mission of any government to be repeated or its customs to be changed, nor did the governments, out of helplessness, keep losing not only five years of their respective periods but also the budget. Whom should I bow down to in kindness, here everyone is a debtor. The questions remain the same in every election, but are raised on the lips of different parties. Where Congress is present today, BJP was also making its way there yesterday. We have been continuously seeing governments taking shelter of their employees, but the resources of the state are crying in this bid of politics. The coming and going of governments has now become an excuse for economic loss for the state. The BJP may feel that its power has been snatched away by the guarantees of the Congress and the Congress believes that these guarantees have a magical effect, but the truth declares both the ideas useless. This is the democratic wisdom of the Himachali people which sometimes gets angry and sometimes gets angry, but always tests the good governance and political equations of the governments. BJP's monopoly on the market in the assembly elections proves that this victory was of a Chief Minister rather than the party and the analysis here by supporting Congress in Kangra shows that there is partiality somewhere. In such a situation, we will have to look at good governance and political balance instead of the dilemma that is being faced over guarantees or the Congress government making promises of guarantees. Clearly, the political history of Kangra and the personal development of the leaders are somewhat unbalanced in the cabinet formation and government discourse. The vehicles of government undertakings are stuck in the quagmire of losses. The mountain of old issues is fighting the roar of new announcements. Troubled by the abundance of unnecessary offices and vacancies in government offices. In order to brighten the assembly constituencies in a small state, more schools, colleges and medical colleges were opened than required, but neither good education nor good medical care could be arranged. Government buses are in disrepair, routes stray, yet the political ambition to increase the deficit of a new bus depot scares. Politics has created such a miserable situation that Jadarangal is being destroyed as an arena to destroy the Central University in Dharamshala. On the one hand, the BJP has made the university a saffron character and a question for Hamirpur parliamentary constituency MP Anurag Thakur's honour, on the other hand, the Congress government, following the previous government, is unnecessarily wasting Rs 250 crore of the Jadrangal complex. The argument to say is that instead of being effective, honest, taking decisions for the benefit of the state, self-reliant and with the rigor of taking good governance decisions, at some places they were pandering to the working class under the 'politics of favor' and at other places they were cooking khichdi to feed the public.

# Analysis: Some people are happy, but a large population is still deprived of the benefits of economic growth.

Recently I read many articles that every person is happy because there has been unprecedented economic development in the country. I do not say that economic growth has not taken place, but this growth is not unprecedented and the majority of the population has not been able to benefit from it. Being the first column of the year 2024, let me first express my best wishes for the New Year. Happiness is actually a mixture of different things. There are approximately 142 crore people living in different parts of this country and my concern is how many of these people are happy and how many are not happy. Recently I read many articles which strengthened the government's claim that every person is happy. Those authors claim that people are happy because there has been unprecedented economic development in the country, the benefits of which are being benefited by people from every region. I do not say that there has not been economic growth, but certainly this growth is not unprecedented. The golden period of economic growth was during the three-year period from 2005 to 2008 under the previous UPA government, when the growth rate of the economy was respectively It was 9.5, 9.6 and 9.3 percent per annum. Whereas in the last nine years of Narendra Modi's tenure as Prime Minister, the average growth rate has been 5.7 percent. If the estimated growth rate of 6.5 percent in the current financial year is also added to this, then the average growth rate will be 5.8 percent. This growth rate is neither unprecedented nor spectacular. This is a satisfactory growth rate, but neither widespread nor sufficient. Happy people - The economic policy of the government is a mixture of keeping direct taxes low, indirect taxes high and stressful and hegemonic measures. Capital investment is high in infrastructure sectors such as roads, railways, ports and airports, while allocations to education and healthcare are low, and some sectors such as women's development are subsidized. As such, the satisfactory growth rate has made some sections of the society happy. I can tell about these satisfied areas. These are: large and medium-sized corporates, high-income earners, bankers, stock market investors, traders and brokers, auction buyers, software professionals, big businessmen and judges, chartered accountants, doctors and lawyers, colleges and universities. Teachers, government employees, rich farmers and moneylenders. The dark side - The dark side of this picture is that people from many areas have been left behind - people from some areas are not even counted - and if all such areas are included, it is a huge population. These include 82 crore Indians, who get five kilograms of free ration per person every month. The free ration scheme is not something to be proud of, by which the economic progress or prosperity of the country can be measured. The free ration scheme actually tells about the malnutrition prevalent far and wide and hunger prevalent among the people at some places. Why are half the families in the country not able to buy rice or wheat? The answer is low income or unemployment. The government has no policy to solve these two burning issues. There is a scheme like MNREGA to solve the low income of families. But this government's neglect towards this scheme is clear from the very beginning. From April, 2022, the government has removed 7.6 crore names from the list of workers registered in MNREGA. As if this was not enough, one-third of the registered workers (i.e. 8.9 crore) and one-eighth of the total active workers (i.e. 1.8 crore) are unable to work under MNREGA due to the implementation of the Aadhaar-centric payment system. How are so many people from so many families managing their livelihood after MNREGA support is taken away? Life is very difficult for these people, hence they are not happy at all. Without employment and inflation – another large population in the country is not happy. These are the people who do not have any employment. The government no longer talks about employment generation. She believes that she can make people forget by talking about the increase in self-employment. In a country where children spend seven to eight years in schools, and that too without any skill training, self-employment also means unemployment. Even for those men and women who are self-employed, their income or wages are lower than overall inflation compared to the wages of those who are employed. Not only this, there is no other facility or social security in self-employment. Our youth unemployment rate is 10 percent, while the unemployment rate among graduates up to 25 years of age is 42 percent. These people will definitely not be happy. There is another class of unhappy people. These people are victims of inflation. This category includes the entire population of the country, except the top 10 percent, who own 60 percent of the country's total wealth and earn 57 percent of the national income. The average inflation in the year 2022 was 6.7 percent. In the year 2023, inflation crossed the upper limit of two to six percent for four months of the year. Inflation in November 2023 was 5.5 percent. At present food inflation is 7.7 percent. "Inflation will remain higher than the target," the Reserve Bank said in its monthly bulletin for December 2023. Inflation has led to a decline in consumption and household savings, while borrowing by households has increased. The government has abdicated its responsibility to control inflation and has placed this responsibility on the Reserve Bank. inflation on the poor Reducing indirect taxes to remove the burden of GDP would also be a counterproductive move, as I doubt it would help in reaching the targeted fiscal deficit. The large population of the country has not been able to benefit from the normal economic growth rate achieved during the Modi government, because the government has failed in finding a solution to inflation and unemployment. Apart from this, the policy of the government is also 'of the rich, by the rich and for the rich'. This policy also encourages centralization of wealth among the rich and, if not monopoly, then oligopoly. I believe that some people will be happy in the new year, but a large population of the country will remain unhappy.

# Pakistan exposed in front of the world, strictness on peaceful protest is not right

The protesters, who reached the capital on foot from Balochistan around the Islamabad National Press Club, are agitating against enforced disappearances and human rights violations by the authorities. These mostly include women and children, but the police is harassing these unarmed and peaceful protesters. Balochistan is always in the headlines for wrong reasons. This province, Pakistan's largest but least populous, was never a target of Islamabad or the Prime Minister's Office. It first came into news decades ago when Pakistan tested a nuclear device in the Chagai mountains, destroying the environment of this beautiful area. In terms of mineral wealth, this province is richer than expected and many minerals like copper and gold have not yet been excavated. Sui gas, discovered in the small area of Sui, is supplied through pipes for cooking and home heating throughout Pakistan, but sadly many areas of Balochistan are deprived of it. These days, the eyes of the world, the cameras of media and citizen journalists are focused on Islamabad National Press Club. There are tents everywhere in open spaces, filled with people from Balochistan. Most of them are women, children and old women. In the morning they sit peacefully with photographs of their loved ones, about which no words are needed. These young and old are relatives of women and children, most of whom have been missing for decades. His family members have no idea whether he is alive or dead. Nothing can be more painful for these women, especially grandmothers surrounded by their grandchildren, than when they hold portraits and banners of beautiful young people who are missing or as they are now called 'enforced missing'. Known as. This crowd also includes women who have survived the extrajudicial killings of their male relatives. She is also protesting against human rights violations. These Balochi citizens have reached Islamabad on foot from Balochistan, which they call 'Balochistan to Islamabad Long March' or 'Baloch Long March'. The march was peaceful as it moved towards Islamabad, people welcomed him, made arrangements for his food and overnight stay. In other areas too, he was welcomed as heroes by throwing rose petals and garlanding him. The security personnel neither appeared worried nor stopped them in cities and towns. But as the Baloch Long March approached Islamabad, everything suddenly changed. The caretaker government of Anwarul Haq Kakar lost its cool and stopped hundreds of exhausted marchers, especially children, from entering the main area of the capital Islamabad. Tried to do this, due to which all peace was disturbed. The marchers were taken to various places in Islamabad, where they would be completely cut off not only from the public but also from the market to meet their daily needs. The police, as they are known to do in South Asian countries, showed harshness and instead of controlling the crowd, most of whom were women and children, used brute force on unarmed and peaceful civilians. When even fierce lathi charge, rubber bullets and tear gas could not stop the march, they used water cannons in the winter season as a last resort. Without proper judicial process, men and women were picked up, put in vans and imprisoned. There was no trace of the people in jail for several weeks. After an extensive media campaign all of the marchers were eventually released. A female doctor named Mehrang Baloch has emerged as the heroine of this march, who has attracted the attention of the world. She keeps giving interviews throughout the day and even at night the media keeps asking her about the events of the day. Mehrang Baloch is a female human rights activist who fights against persecution by authorities in Balochistan, including unlawful disappearances and extrajudicial killings. People in Islamabad met him for the first time and heard the issues that he had earlier raised in Karachi and Quetta, where he had protested. With his visit to Islamabad, not only the international media but also the diplomatic community saw for the first time that Pakistan How does the government harass unarmed and peaceful protesters? Mehrang Baloch and his supporters received tremendous media coverage, although the government tried to ban photographs related to the harassment of protesters by Islamabad police and others in plainclothes. This saw immediate reaction from the Norwegian Ambassador and the EU Ambassador, who advised caution. The Foreign Ministry spokeswoman immediately reacted with embarrassment and asked senior diplomats not to interfere in Pakistan's internal affairs. On December 12, 2009, Mehrang Baloch's father was abducted by Pakistani security forces while he was on his way to a hospital in Karachi. She was only 16 years old then. Despite living in the conservative society of Pakistan, she immediately protested against her father's kidnapping and became identified in the student resistance movement. Sadly, in 2011, his father was found dead with marks of torture on his body.

# बुढ़ापे का सहारा है, OPS हमारा है...केंद्रीय और राज्यकर्मियों ने सरकार को ललकारा




मुरादाबाद-पुरानी पेंशन योजना लागू कराने सहित अन्य मांगों को लेकर आंदोलित केंद्रीय और राज्यकर्मियों ने सरकार को ललकारा है। नरमू और संयुक्त राज्य कर्मचारी परिषद के सदस्य मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय गेट पर भूख हड़ताल पर बैठ गए हैं। राज्यकर्मचारियों की ओर से बिजनौर ईकाई के सदस्य रेलवे वालों के साथ भूख हड़ताल पर बैठ गए हैं। यह आंदोलन को दूसरा दिन है। राज्य कर्मचारी संगठन के नेता श्रीकांत यादव और रेलवे की ओर से संगठन के सहायक मंडल मंत्री कुंवर सुहेल खालिद अनशन की अगुवाई कर रहे हैं। उधर, उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन के मंडल मंत्री शलभ सिंह ने स्टेशन पर सभा कर रहे कर्मचारियों में जोश भरा। कहा, सरकार को कर्मचारियों के मुद्दे पर जल्द निर्णय लेना होगा। अब लोक सभा चुनाव नजदीक है। ऐसे में कर्मचारी सरकार से नाराज होंगे।

# उड़ान के लिए कुछ दिन का इंतजार, 25 को लोकार्पण के साथ मुरादाबाद से शुरू हो सकती है सेवा




मुरादाबाद-मुरादाबाद एयरपोर्ट से हवाई सेवा शुरू करने का लाइसेंस जारी कर दिया गया है। इसके साथ ही सभी प्रकार की तैयारियां भी पूरी हो गई है। अधिकारियों के अनुसार उड़ान सेवा को शुरू करने की दिशा में काम चल रहा है। 25 जनवरी को मुरादाबाद हवाई अड्डे का लोकार्पण हो सकता है। मुरादाबाद हवाई अड्डे को लाइसेंस मिलने के बाद अब उड़ान शुरू होने में कुछ ही दिन बचे हैं। 15 जनवरी को उड़ान की तारीख की घोषणा होना थी, अब यह एक सप्ताह आगे बढ़ गई। एएआई व नागरिक उड्डयन मंत्रालय के बीच हुई बातचीत के अनुसार 25 जनवरी को मुरादाबाद हवाई अड्डे का लोकार्पण हो सकता है। शुक्रवार को विमानन सेवा प्रदाता कंपनी बिग चार्टर के अधिकारियों ने एक बार फिर हवाई अड्डे का दौरा किया। उन्होंने अपना कार्यालय व स्टाफ के कार्य स्थान पर आवश्यक बिंदुओं के संबंध में एएआई से वार्ता की थी। कंपनी से सभी तैयारियां पूरी रखने के लिए कहा गया है। डीजीसीए द्वारा लाइसेंस जारी होने के बाद हवा अड्डे पर तकनीकी बिंदुओं पर विशेष ध्यान रखा जा रहा है। एएआई की टीम एयर ट्रैफिक कंट्रोल टावर के जरिये नेटवर्क को समय समय पर चेक करती है। ऑपरेशनल एरिया से चील, बाज आदि पक्षियों को हटाने का प्रबंध किया गया है। फायर फाइटर्स की परीक्षा नए सिरे से होने के बाद प्रमाण पत्र भी जारी हो गए हैं। अब लोकार्पण के अलावा कुछ शेष नहीं है। हवाई अड्डे के प्रबंधन के मुताबिक 25 जनवरी तक उड़ान शुरू होने की संभावना है। अमरजीत बने एयरपोर्ट डायरेक्टर- मुरादाबाद हवाई अड्डे के डायरेक्टर रहे संदीप कुमार का तबादला दिल्ली के सफदरजंग हवाई अड्डे पर हो गया है। उनके स्थान पर अमरजीत सिंह को हवाई अड्डे का निदेशक नियुक्त किया गया है। अमरजीत ने मुरादाबाद में चार्ज ले लिया है। ज्ञात हो कि हवाई अड्डे को लाइसेंस मिलने से पहले ही संदीप कुमार तबादला तय हो गया था लेकिन नियमानुसार लाइसेंस मिलने के बाद ही वह पद छोड़ सकते थे। अब अमरजीत की अगुवाई में मुरादाबाद हवाई अड्डे पर एएआई का स्टाफ कार्य करेगा

## एक नफर वारण्टी गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच -यूसुफ मुरादाबाद श्री आशुतोष शुक्ला द्वारा अपराध व अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत श्रीमान पुलिस उपाधीक्षक रेलवे मुरादाबाद के निकट पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक थाना जीआरपी मुरादाबाद के नेतृत्व में आज दिनांक 09.01.2024 को एक नफर वारण्टी अभियुक्त 1. शानि पुत्र हीरालाल निवासी मौ0 बरबलान राठौर गैस एजेंसी के पास थाना कटघर जिला मुरादाबाद जो करीब तीन साल से फारार चल रहा था जिसको पतारसी/सुरागरसी के अथक प्रयास से गिरफ्तार किया गया सम्बन्धित एसटी न0 2459/20 मु0अ0स0 46/2019 धारा 379/411 भादवि के अभियुक्त के विरूद्ध विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# मोहम्मद शमी को अर्जुन अवॉर्ड, खुशी से उछले गांव वाले.. मां बोलीं- सभी की दुआओं का असर



मुरादाबाद-अमरोहा निवासी क्रिकेटर मोहम्मद शमी को अर्जुन अवॉर्ड मिलने के बाद उनके गांव में जश्न का माहौल है। विश्वकप में बेहतरीन गेंदबाजी के चलते उन्हें यह पुरस्कार प्रदान किया गया है। उनके भाई मोहम्मद हबीब ने बताया कि सभी के लिए यह गर्व की बात है। अमरोहा निवासी क्रिकेटर मोहम्मद शमी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित किया। विश्वकप में बेहतरीन गेंदबाजी से धमाल मचाने वाले शमी के गांव वाले इससे बेहद खुश हैं। अवार्ड सेरेमनी में पहुंची मां को देखकर परिजनों की खुशी चार गुनी हो गई। शमी के प्रशंसकों ने मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। एक बार फिर मोहम्मद शमी के गांव सहसपुर अलीनगर में उत्सव जैसा माहौल बन गया। भारतीय तेज गेंदबाज शमी ने विश्व कप के 7 मैचों में कुल 24 विकेट चटकाए। शमी भारत की ओर से वर्ल्ड कप में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज भी हैं। मंगलवार को शमी को पुरस्कार मिलते ही परिजन खुशी से उछल पड़े। उन्होंने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। मोहम्मद शमी के प्रशंसकों ने भी खुशी जाहिर की। फेसबुक और इंस्टाग्राम पर उन्हें फॉलोअर्स ने बधाई देने में जुट गए। क्रिकेटर मोहम्मद शमी के बड़े भाई मोहम्मद हसीब ने फोन पर बताया कि यह बहुत ही खुशी देने वाला पल है। भाई शमी को अर्जुन अवार्ड मिलना परिवार, गांव और जिले के लिए बहुत सम्मान की बात है। बताया कि जिस दिन वह गांव पहुंचेंगे उस दिन जश्न मनाया जाएगा। बताया कि परिवार के लोगों ने इस पल को देखने के लिए कई दिन से इंतजार कर रहे थे। बताया कि सभी को भाई शमी पर गर्व है।

# खेत में पेड़ पर फंदे से लटकता मिला विवाहिता शव, सास-देवर पर हत्या का आरोप, गजरौला पुलिस कर रही जांच



मुरादाबाद-गजरौला इलाके के एक गांव में विवाहिता का शव पेड़ से लटका मिला। इसके बाद मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ लग गई। पुलिस ने शव को नीचे उतरवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। विवाहिता के मायके वालों ने उसकी हत्या का आरोप लगाया है। विवाहिता का शव फंदे पर लटका मिला। मौके पर पहुंचे मायके वालों ने पति, सास और देवर पर हत्या करने का आरोप लगाकर हंगामा किया। इसके बाद आसपास के ग्रामीण भी इकट्ठा हो गए। पुलिस ने शव को नीचे उतारा। हसनपुर से नायब तहसीलदार को बुलाया गया। हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव लुहारी खादर निवासी मोमराज सिंह ने अपनी बेटी नीरज ( 23 ) की शादी पांच वर्ष पूर्व गजरौला थाना क्षेत्र के सुल्तानठेर मोहम्मदपुर गांव निवासी समरपाल के साथ की थी। उनका कहना है कि शादी में हैसियत से भी अधिक दान दहेज दिया था। इसके बाद भी ससुराल वाले खुश नहीं थे। कम दहेज बताकर नीरज को प्रताड़ित करते थे। उसका पति आए दिन मारपीट करता था। सोमवार की सुबह नीरज का उसकी सास व देवर से विवाद हुआ था। शाम करीब साढ़े चार बजे नीरज का शव गांव निवासी के खेत में पॉपुलर के पेड़ पर फंदे पर लटका देखा। उसके गले में दुपट्टा बंधा हुआ था। सूचना पाकर इंस्पेक्टर क्राइम बालेंद्र सिंह, एसएसआई ब्रजेश सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। शव को नीचे उतारा गया। इस दौरान मृतका के पिता ने पति, सास, देवर पर हत्या करने का आरोप लगाया। पुलिस ने हसनपुर के नायब तहसीलदार को बुलाकर उनकी मौजूदगी में शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। सीओ श्वेताभ भास्कर का कहना है कि विवाहिता का शव फंदे पर लटका मिला है। उसने खुदकुशी की है। तहरीर मिलने पर मृतका के परिजनों की तहरीर पर दहेज हत्या का केस दर्ज किया जाएगा। शादी के बाद से ही बेटी का उत्पीड़न शुरू कर दिया। उनको बेटी की मौत की जानकारी मिली तो फौरन यहां पर पहुंचे। इस दौरान उनको ग्रामीणों ने बताया कि सुबह उसके साथ मारपीट की गई थी। इसके बाद सुबह नौ बजे से वह गायब हो गई। मगर ससुराल वालों ने उसे तलाश नहीं किया। उनको भी सूचना नहीं दी गई। उनको अन्य किसी ग्रामीण ने फोन कर मौत की खबर दी।

# कोटेदारों ने लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को कलंकित करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही किए जाने की मांग को लेकर एसएसपी कार्यालय पर किया प्रदर्शन



क्यूँ न लिखूँ सच

उत्तर प्रदेश सस्ता गल्ला विक्रेता परिषद के बैनर तले सभी कोटेदारों लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ को कलंकित करने वालो के विरुद्ध मोर्चा खोलकर मुरादाबाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा के कार्यालय पर ज़ोरदार प्रदर्शन किया प्रदर्शन के दौरान कहा गया कि स्वयं को पत्रकार बताने वाले दो व्यक्ति राशन की दुकान से राशन लेकर जाने वाले राशन उपभोक्ताओं से घटतोली आदि का आरोप लगवाकर बयानबाज़ी करवाते हैं उसके बाद संबंधित दुकानदार को वीडियो दिखाकर उस पर मोटी रकम देने का दबाव बनाते हैं डिमांड पूरी न होने पर वीडियो को संबंधित विभाग के अधिकारियों एवं सोशल मीडिया पर अपलोड करते हैं जिससे दुकानदार मानसिक रूप से परेशान हैं और विभागीय जांच में पूरे महीने फंसा रहता है विभाग द्वारा जब जांच कराई जाती है तो उपभोक्ता का बयान दर्ज किया जाता है उसमें घटतोली जैसा कुछ नहीं पाया जाता है ज्ञापन में कहा गया है कि राशन विक्रेता नोडल अधिकारी की मौजूदगी में ही राशन वितरण करता है प्रत्येक राशन कार्ड धारक को राशन ई पास मशीन के माध्यम से ही मिलता है पत्रकारिता की आड़ में लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को बदनाम करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही किए जाने की मांग उठाई गई है प्रदर्शन के दौरान यह भी कहा गया कि राशन विक्रेता लाभ्यांश राशि ?90 प्रति कुंतल से बढ़ाकर अन्य प्रांतों की भांति 250 रुपए प्रति कुंतल दिए जाने की मांग को लेकर 1 जनवरी से हड़ताल पर हैं

और मांगे पूरी न होने तक उनकी हड़ताल जारी रहेगी किसी भी राशन डीलर द्वारा राशन का वितरण नहीं किया जाएगा उत्तर प्रदेश सस्ता गल्ला विक्रेता परिषद के एक प्रतिनिधि मंडल ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को प्रेषित किए गए ज्ञापन की एक प्रति जिला पूर्ति अधिकारी अजय प्रताप सिंह को भी पेश की

# परिवहन निगम की बसों में मेरे राम आएंगे...की गूंज, मंडल से अयोध्या के लिए 10 बसों का संचालन शुरू




मुरादाबाद- अयोध्या धाम जाने वालों के लिए राज्य परिवहन की बसों में भगवान राम के भजन सुनाई दे रहे हैं। निगम प्रबंधन की बसों में मेरे राम आएंगे... राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी... जैसे भजनों की धुन बज रही है।उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन प्रबंधन और स्थानीय प्रशासन के निर्देश पर विभागीय अधिकारी बसों के संचालन की सघन निगरानी कर रहे हैं। परिक्षेत्र की 10 बसों को अयोध्या धाम की यात्री सेवा के लिए आवंटित किया गया है। यात्रियों की संख्या बढ़ने पर बसों की संख्या भी बढ़ेगी। निगम की बसों में इसके लिए टेप रिकार्डर और साउंड सिस्टम लगवाए गए हैं। डिपोवार अभी बसों का रूट तय हुआ है। मुरादाबाद और पीतलनगरी डिपो से अयोध्या के लिए दो-दो बसें दी गयीं है। यात्रा के दौरान भगवान श्रीराम के जीवन दर्शन पर आधारित भजन बजाने के निर्देश दिए गए हैं। सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों पर प्रभावी ऐसे भजनों को रिकार्ड कराया जा रहा है। मुरादाबाद डिपो के फोरमैन अनिल का कहना है कि बसों को रूट पर भेज दिया गया है। सभी बसों में यात्री सुविधा का प्रबंध है। परिक्षेत्र के कार्यवाहक प्रबंधक सुरेंद्र कुमार का कहना है कि अयोध्या जाने वाली बसों में रामधुन और भगवान श्रीराम के जीवन पर आधारित भजनों को बजाया जा रहा है। पहले चरण में रोडवेज प्रबंधन ने 10 बसों को यहां से अयोध्या रूट के लिए चिह्नित किया है। स्थानीय प्रशासन की ओर से 22 जनवरी से बसों में रामधुन बजाने के निर्देश दिए गए हैं लेकिन, रोडवेज प्रबंधन ने पहले से ही इसे शुरू कर दिया है। जरूरत पड़ने पर बसों की संख्या बढ़ेगी। मुरादाबाद से अयोध्या के लिए सीधी बस सेवा उपलब्ध है।

# फिर निरस्त हुई उत्तरांचल संपर्क क्रांति एक्सप्रेस, दिल्ली के यात्री लौटे



मुरादाबाद- दिन के फेरे में मुरादाबाद से दिल्ली को जोड़ने वाली उत्तरांचल संपर्कक्रांति एक्सप्रेस मंगलवार को फिर निरस्त कर दी गयी। यह ट्रेन काठगोदाम और रामनगर से आने वाली गाड़ी को जोड़कर यहां से चलाई जाती है। मुरादाबाद से कारोबार और अन्य जरूरी कार्य के लिए दिल्ली जाने वालों के लिए सबसे सुलभ और सस्ती सेवा है। इसके निरस्त होने से भारी संख्या में यात्रियों को रोडवेज और अन्य साधनों का सहारा लेना पड़ा जबकि, उदयपुर से चलने वाली साप्ताहिक उदयपुर मेल ने यात्रियों को छका दिया। यह ट्रेन 12=24 घंटे देर से चल रही है उधर, डिब्रगढ़ से दिल्ली आने वाली राजधानी एक्सप्रेस भी सवा घंटे देर से आने को सूचित है।

देहरादून से सुबेदारगंज के बीच चलने वाली साप्ताहिक एक्सप्रेस भी 5=09 मिनट देर से आई। पोरबंदर एक्सप्रेस के यात्रियों को 3=38 घंटे प्रतीक्षा करनी पड़ी। अवध-असम एक्सप्रेस भी 2=18 घंटे देर से चल रही है। भारी संख्या में जननायक और आलाहजरत एक्सप्रेस के यात्री प्रतीक्षा कर रहे हैं।

KYUN NA LIKHUN SACH
हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश . उत्तराखंड मध्य प्रदेश ,दिल्ली ,बिहार पंजाब छतीसगढ़ राजस्थान आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर,जिला ब्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की
सम्पर्क करे-9027776991

## क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।
संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UPBIL/2021/83001
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।
क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# शामली जिला कांग्रेस ने की बैठक महिलाओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर हुई एक बैठक

क्यूँ न लिखूँ सच
राकेश गुप्ता




शामली जिला कांग्रेस कमेटी ने कांग्रेस कैंप कार्यालय बडीआल शामली पर बैठक आयोजित की गई। जिसमें दीपक सैनी कांग्रेस जिलाध्यक्ष शामली ने बताया कि भारत देश में महिला शक्ति का हम सभी आदर और सम्मान देने वाले सभी भारतीय है । मगर आज के हालात बहुत ख़राब हो चुकें हैं भाजपा सरकार में। पुरा प्रदेश अपराध की आग में जल रहा है अपराधी बेखौफ होकर प्रतिदिन अपराधों को अंजाम दे रहे हैं । वर्ष 2023 एनसीआरबी रिपोर्ट के आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश महिलाओं के प्रति अपराधों के मामले में पहले स्थान पर है इसी रिपोर्ट में के अनुसार पूरे भारत में होने वालों अपराधों में 15% अपराध उत्तर प्रदेश में ही हो होते हैं हालात कितने बदत्तर हो गए हैं इसकी सिर्फ दो बानगी देखिए। एक प्रधानमंत्री जी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में जहां दिनांक 2 नवंबर 2023 को आईआईटी बीएचयू की छात्रा का तीन लड़कों द्वारा जबरन गन पॉइंट पर उसकी नग्न अवस्था का वीडियो बनाया गया ओर दुष्कर्म किया गया।ऐसे में सवाल यह उठता है कि आरोपियों की पहचान होने के बाद भी उनको गिरफ्तार करने में 2 महीने क्यों लगे क्या पांच राज्यों में चुनाव के कारण भाजपा आरोपियों को बचा रही थी

अगर छात्रों और कांग्रेस अध्यक्ष का इतना दबाव न होता तो शायद आरोपित पकड़े भी नहीं जाते। क्रमशः उन पर इनाम की धनराशि भी मामले को गंभीर दिखाने के लिए बढ़ाई गई। यह मुठभेड़ व्यक्तिगत कुंठा और राजनीति विधदेष से प्रेरित है और योगी सरकार का एक जाति विशेष विरोधी चेहरे को उजागर करती है कांग्रेस पार्टी इस घटना की जांच की मांग करती है । बैठक में राहत खलील जी प्रदेश सचिव व शामली जिला प्रभारी, दीपक सैनी कांग्रेस जिलाध्यक्ष शामली, डाक्टर रामलाल कश्यप वरिष्ठ कांग्रेसी नेता, संदीप शर्मा जिलाध्यक्ष शिक्षा विभाग, रमेश मराठा वरिष्ठ कांग्रेसी,धीरज उपाध्याय प्रदेश सचिव, निन्ना अंसारी वरिष्ठ कांग्रेसी, रामशरण नामदेव, राधेश्याम सैनी, रामपाल पांचाल,विनोद सेन, नरेश धिरयान आदि मौजूद रहे।

# राम मंदिर अयोध्या हेतु जनपद एटा के कस्बा जलेसर से विशाल घण्टे को शोभायात्रा के माध्यम से किया रवाना

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा



एटा-श्री राम मंदिर अयोध्या में गूंजेगी जनपद एटा के कस्बा जलेसर में निर्मित विशाल घण्टे की ध्वनि वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रोडक्ट ( ओडीओपी ) की सफलता को दर्शाता है जनपद एटा में बना अष्टधातु का घण्टा श्री राम मंदिर अयोध्या हेतु जनपद एटा के कस्बा जलेसर से विशाल घण्टे को शोभायात्रा के माध्यम से किया रवाना मा0 केन्द्रीय मंत्री, मा0 प्रभारी मंत्री, मा0 विधायकगण, जिलाधिकारी, एसएसपी ने जलेसर से शोभायात्रा को किया रवाना जनपद के विभिन्न कस्बों, चौराहे, बाजार से होकर गुजरी घण्टे की शोभायात्रा, पुष्पवर्षा करके किया गया भव्य स्वागत सैकड़ों की संख्या में स्थानीय जनसमुदाय ने किये घण्टे के दर्शन, श्री राम मंदिर अयोध्या में स्थापित होगा एटा का 24 कुण्टल का घण्टा वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रोडक्ट ओडीओपी के तहत सावित्री टेऊडर्स जलेसर द्वारा निर्मित किये गए विशाल घण्टे के माध्यम से जिले को मिलेगी पहचान मा0 केन्द्रीय मंत्री/क्षेत्रीय सांसद श्री एसपी सिंह बघेल, जिले के प्रभारी मंत्री श्री के पी मलिक, जलेसर विधायक संजीव दिवाकर, एमएलसी आशीष कुमार यादव, जिलाध्यक्ष संदीप जैन, जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह, एसएसपी राजेश कुमार सिंह द्वारा पूर्व एमएलसी प्रत्येन्द्र पाल सिंह, आदित्य मित्तल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, स्थानीय लोगों की उपस्थिति में विधि विधान से घण्टे को शोभायात्रा के रूप में जलेसर से रवाना किया गया। उक्त शोभयात्रा का सभी स्थलों पर क्षेत्रीय विधायकगण सहित अन्य जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, जनसामान्य आदि द्वारा पुष्पवर्षा कर स्वागत किया जाएगा। इस अवसर पर मारहरा विधायक वीरेन्द्र सिंह लोधी, जलेसर विधायक संजीव कुमार दिवाकर, एमएलसी आशीष कुमार यादव, जिलाध्यक्ष संदीप जैन सहित जनपद के अन्य मा0 जनप्रतिनिधिगण, भाकियू राष्ट्रीय अध्यक्ष भानू प्रताप सिंह, पार्टी पदाधिकारीगण, स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि, व्यापार मंडल के पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक, मीडिया बंधु, हजारों की संख्या में भक्त आदि मौजूद रहे।

## माता शाकुंभरी देवी का जन्मदिन 25 जनवरी को बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जाएगा

क्यूँ न लिखूँ सच -राकेश गुप्ता

शामली माता शाकंभरी देवी का जन्मदिन बड़े धूमधाम के साथ 25 जनवरी को मनाया जाएगा 24 जनवरी को माता शाकुंभरी भवन पर भव्य जागरण का आयोजन किया है इधर 25 जनवरी को माता शाकुंभरी देवी अठठे वाले मंदिर पर कीर्तन किया जाएगा रात को माता शाकुंभरी देवी जन्मदिन पर माता शाकुंभरी देवी के लिए एक भव्य केक का आयोजन किया गया है जिसमें माता शाकुंभरी देवी का जन्मदिन पर केक काटा जाएगा भजन कीर्तन पूरे दिन और पूरी रात माता के भवन अठठे वाले मंदिर पर भक्तों द्वारा किया जाएगा इसकी जानकारी अठठे वाले मंदिर के महंत जी ने दी

# संस्कृति उत्सव मंडल स्तर पर चयन हेतु कलाकारों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां




क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा-,जिलाधिकारी प्रेमरंजन सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में लोक संस्कृति की विभिन्न विधाओं के संरक्षण एवम स्थानीय लोक कलाकारों को बढ़ावा देने के लिए हमारी संस्कृति हमारी पहचान संस्कृति उत्सव हेतु जनपद स्तर पर तहसील से चयनित प्रतिभागियों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दी। उक्त कार्यक्रम मुख्य विकास अधिकारीडॉ0 अवधेश कुमार वाजपेई की अध्यक्षता में जिला पंचायत संसाधन केंद्र के सभागार में सम्पन्न हुआ। मंडल स्तर हेतु कलाकार चयन प्रक्रिया में प्रतिभा, रुचि सिंह, दीक्षा, बंटी , विकेश, प्रथम परमार, सत्यवीर सिंह, सृष्टि, सिद्धि दीक्षित, करन सिंह क्रोधी, श्यामवीर सिंह, सुखवीर सिंह, परवेंद्र कुमार शास्त्री, शिवराज, अरविंद अकेला, सत्यवीर सरस आदि चयनित कलाकारों ने प्रतिभाग किया। डॉ रूपाली गुप्ता, डॉ अशोक कुमार तिवारी एवम मयंक तिवारी संस्कार भारती ने निर्णायक की भूमिका अदा की।

इस अवसर पर पर्यटन अधिकारी हेमंत शर्मा, संस्कृति उत्सव कार्यक्रम हेतु नामित जिला नोडल मयंक तिवारी, सूर्यकांत, कीर्ति परमार, प्रदीप तोमर, महेश मंजुल, डॉ सुधीर पालीवाल आदि उपस्थिति रहे।

# जनपद पंचायत त्योंथर में नल जल योजनाओ की उड़ रही है धज्जिया

क्यूँ न लिखूँ सच
आलोक मिश्रा



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपने नहीं हो रहे पूरे सपनों में पानी फेर दिए ठेकेदार नल जल योजनाओं की उड़ाई धज्जियां जनपद पंचायत त्योंथर के अंतर्गत सभी ग्राम पंचायत में नल जल योजनाओं की उड़ रही धज्जियां माननीय प्रधानमंत्री महोदय के द्वारा नल जल योजना लागू करके समस्त ग्राम वासियों एवं समस्त देशवासियों की सेवा के लिए इस योजना को लागू किया गया परंतु ग्रामीण स्तर पर इस योजनाओं की उड़ाई जा रही है धज्जियां क्या इसमें अधिकारियों की मिली भगत से हो रहा है यह सब खेल आखिर इतने पैसे लगने के बावजूद भी नहीं मिल रहे हैं ग्रामीणों को पानी नल जल योजना के तहत बिछाई गई पाइपलाइन की हालत बेहाल हुई आखिर यह नल जल योजना की पाइप में कब तक के लिए डाली जा रहे हैं त्योंथर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कई ग्राम पंचायत में देखने को मिला है कि नल जल योजनाओं की बिछी हुई पाइप खराब हो गई हैं परंतु उसे पाइप में आज तक पानी नहीं आया नल जल योजना के तहत प्रधानमंत्री रोड की खुदाई कराई गई पाइप डालने के लिए परंतु उसमें सुधार नहीं किया गया आखिर कब तक ऐसा चलता रहेगा भ्रष्टाचार क्या त्योंथर कभी भ्रष्टाचार मुक्त हो सकता है या नहीं पूछता है त्योंथर की जनता

# टेम्पू चालकों की मनमानी सवारियों को खुलेआम लूट रहे

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा



एटा-तहसील अलीगंज में टेम्पू चालकों की सवारियों को खुलेआम लूट रहे हैं। अलीगंज से अचरा जाने बाली सवारियों की काटी जा रही जेब मात्र 16 किमी की दूरी के बसले जा रहे हैं। 40 रूपये। जो नियम विरुद्ध हैं। ना डीजल महगाँ हुआ ना पेट्रोल किन्तु टेंम्पू चालकों द्वारा अलीगंज से अचरा जाने बाले यात्रियों को खुलेआम लूटा जा रहा। यात्रियों के साथ हो रही लूट पर ना परिवहन विभाग ही कुम्भकर्णी नींद से जाग रहा हैं। ना ही यातायात पुलिस ही कोई कार्यवाही करता दिख रहा हैं। खुलेआम यात्रियों के साथ हो रही लूट को जुम्मेदारों की मौन स्वीकृति प्राप्त हैं। ऐसा प्रतीत होता हैं। टेम्पू चालक बेखौफ होकर यात्रियों से 16 किमी दूरी के 40 रूपये बसूल रहे हैं। ना पुलिस का भय ना परिवहन विभाग एवं ना यातायात विभाग का डर नजर नहीं आता हैं। जुम्मेदार मौन तो रोकेगा कौन। टेम्पू चालकों द्वारा यात्रियों के साथ कर लूट पर जाँच कर इनके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही होनी चाहिये।

# किसान यूनियन की धमकी से डर गए सीओ ने तुरंत बदल दिया विवेचक, गुमशुदा किशोरी का 15 दिनो के कोई सुराग नहीं लगा सकी पुलिस

क्यूँ न लिखूँ सच
लवकुश ठाकुर

अलीगढ/ग्राम देवी नगला के किसान मुनेश की 14 वर्षीय नाबालिग बेटी 26 दिसंबर 2023 से गायब है, 27 दिसंबर को पिता ने थाना महुआखेड़ा में नामजद मुकदमा दर्ज कराया, लेकिन 15 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस ने अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की। परिवार को कुछ अनहोनी की आशंका है, पीड़ित मुनेश ने भारतीय किसान यूनियन सुनील के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील चौधरी के घर जाकर उनसे मदद मांगी तो भारतीय किसान यूनियन सुनील के पदाधिकारियों को लेकर सुनील चौधरी ने डीआईजी कार्यालय पर धरने का ऐलान कर दिया तो तत्काल सीओ दुतीय राकेश कुमार सिसोदिया ने विवेचक को हटा कर महुआखेड़ा एसओ को विवेचना करने का आदेश दिया है और सात दिन में लड़की को घर वालों के सुपुर्द करने का आश्वासन दिया है।

KYUN NA LIKHUN SACH
हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश .
उत्तराखंड मध्य प्रदेश ,दिल्ली
,बिहार पंजाब छतीसगढ़ राजस्थान
आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर,जिला
ब्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की
सम्पर्क करे-9027776991

# ओथ पूल ग्रुप के चुनाव में रोहित अध्यक्ष, कंचन कोषाध्यक्ष ,अजीत ऑडिटर विजयी घोषित



क्यूँ न लिखूँ सच
अरविन्द कुमार यादव

इकौना श्रावस्ती एल्डर कमेटी तहसील इकौना के निर्देशन में ओथ पूल ग्रुप के चुनाव हेतु नामांकन कराया गया जिसके तहत मतदान शुरू हुआ जिसमें सत प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया दोपहर 2 बजे तक हुए मतदान की मतगणना 3 बजे शुरू की गई जिसमें अध्यक्ष पद के लिए रोहित मणि त्रिपाठी को 31 मत तथा विजय कुमार त्रिपाठी को 11 मत प्राप्त हुए तथा एकमत अवैध घोषित किया गया इस प्रकार रोहित मणि त्रिपाठी 20 मतों से विजय घोषित किए गए तो वही कोषाध्यक्ष पद के लिए ओंकार नाथ शुक्ला को 12 मत तथा कंचन को 30 मत मिले एक मत अवैध घोषित किया गया इस प्रकार कंचन को 18 मतों से विजई घोषित किया गया तो वहीं ऑडिटर पद के लिए अजीत कुमार चौहान को 26 मत परमेश त्रिपाठी को 16 मत प्राप्त हुए एक मत अवैध घोषित किया गया इस प्रकार अजीत कुमार चौहान को 10 मतों से विजई घोषित किया गया विजय प्रत्याशियों का अधिवक्ताओं ने जमकर फूल माला पहनकर स्वागत किया/

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# सशस्त्र सीमा बल ने किया निःशुल्क मानव चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन




क्यूँ न लिखूँ सच
प्रेमचंद जायसवाल

श्रावस्ती संदीप कुमार जेटली, कार्यवाहक कमान्डेंट, 62वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल भिनगा के दिशा-निर्देश में वाहिनी के अंतर्गत पटना खरगौरा गाँव में निःशुल्क मानव चिकित्सा परामर्श शिविर ( OPD) का आयोजन किया ,इस दौरान डॉ. कल्पना महादेव पाटील, सहायक कमांडेंट ( चिकित्साधिकारी ) द्वारा पटना खरगौरा गाँव के 24 ग्रामीणों को निः शुल्क परामर्श के साथ दवाओं का वितरण किया और ग्रामीणों को अच्छे स्वास्थ्य के प्रति सजग एवं सचेत रहने के लिए जागरूक करते हुए सर्दी के मौसम में होने वाली बीमारियों जैसे सर्दी - जुकाम, खांसी, मलेरिया, डेंगू, बुखार आदि रोगों से बचने के उपाय बताये इस मौके पर डॉ. कल्पना महादेव पाटील, सहायक कमांडेंट ( चिकित्साधिकारी ) के साथ सहायक उप निरीक्षक( मेडिक्स ) दीन बन्धु सरकार, आरक्षी संजीव कुमार व अन्य उपस्थित रहे 7


# नगला खेमा में युवक को बंधक बना लेने की सूचना पर दौड़ी पुलिस

क्यूँ न लिखूँ सच -लवकुश ठाकुर

